लोकार्पण

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा व अहिल्या वाटिका का लोकार्पण

अहिल्याबाई ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया

नवभारत, जबलपुर। नर्मदा तट स्थित तिलवारा घाट आज इतिहास, श्रद्धा और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बना, जब अखिल भारतीय गडरिया महासभा द्वारा पुण्य श्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा एवं अहिल्या वाटिका का लोकार्पण किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, नर्मदा पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जैसे ही प्रतिमा से आवरण हटाया गया, घाट 'लोकमाता अहिल्याबाई अमर रहें' के जयघोष से गूंज उठा। नर्मदा की लहरों पर पड़ती सूर्य की किरणें और पुष्पवर्षा ने दृश्य को अविस्मरणीय बना दिया। यह आयोजन महासभा के 163वें मकर संक्रांति महोत्सव के रूप में, अवधूत दादा गुरु भगवान के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरगी विधायक नीरज सिंह एवं नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज रहे, साथ ही बड़ी संख्या में समाजजन, संतगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

न्याय, सेवा और सनातन संस्कृति की प्रतीक

कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को भारत की पहली ऐसी शासिका माना जाता है, जिन्होंने शासन को सेवा का माध्यम बनाया।

मुग़ल आक्रमणों से ध्वस्त अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार, तीर्थों का पुनरुत्थान और न्यायप्रिय शासन उनकी पहचान रहा। इसी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महासभा ने इस पावन स्थल पर प्रतिमा स्थापना का संकल्प साकार किया।

लोकमाता के आदर्शों से सामाजिक समरसता को मजबूत करें

अखिल भारतीय गडरिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल ने कहा कि यह आयोजन केवल लोकार्पण नहीं, बल्कि सनातन एकता का उत्सव है। उन्होंने समाज के सभी बंधुओं से आह्वान किया कि लोकमाता के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक समरसता को और मजबूत करें। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री राजेश श्रीपाल, कृपाल श्रीपाल, जिला अध्यक्ष रामजी श्रीपाल, गणेश पहलवान, सावन, दिनेश श्रीपाल, सत्यनारायण श्रीपाल, सरपंच मुकेश श्रीपाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इनका कहना है

अहिल्याबाई होल्कर केवल इतिहास नहीं, आज के समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। तिलवारा घाट पर उनकी प्रतिमा स्थापित होना पूरे जबलपुर के लिए गौरव का विषय है।

नर्मदा श्रीपाल

अहिल्याबाई होल्कर सुशासन और सेवा की जीवंत मिसाल हैं। उनकी प्रतिमा और अहिल्या वाटिका का लोकार्पण महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।

बेबी विनय पाल

इस आयोजन ने युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का भाव जगाया है। हम संकल्प लेते हैं कि लोकमाता के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाएंगे।

सावन श्रीपाल

अहिल्याबाई होल्कर ने यह सिद्ध किया कि नारी नेतृत्व समाज को नई दिशा दे सकता है। इस आयोजन से महिलाओं में आत्मविश्वास और मजबूत होगा।

शोभा पाल

वस्तुनिष्ठ सोच ने रिश्तों में घोली खटास : प्रमाणसागर

रिश्तों की डोर में अपेक्षा और प्रेम विषय पर मुनि श्री ने दिए प्रवचन

नवभारत, जबलपुर। भावनायोग प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि आज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हमारी सोच व्यक्ति-निष्ठ न होकर वस्तु-निष्ठ हो गई है। इसी कारण पारिवारिक संबंधों में मधुरता कम होती जा रही है। वे जबलपुर में 'रिश्तों की डोर में अपेक्षा और प्रेम' विषय पर प्रवचन दे रहे थे।

मुनि श्री ने कहा कि तकनीकी युग में हमारा संपर्क पूरे संसार से बढ़ गया है, लेकिन पारिवारिक संबंध लगातार संकुचित होते जा रहे हैं। आज मनुष्य चाँद पर बसने की बात करता है, पर अपने ही घर के रिश्तों में टूटन महसूस कर रहा है। मकान बड़े हो गए हैं, लेकिन मन छोटे होते जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिश्ते संबंधों की डोर से बनाए जाते हैं, लेकिन भावनाओं से निभाए जाते हैं। संबंध जोड़ना एक दिन का कार्य है, जबकि भावनाओं को समझकर उन्हें निभाना जीवन भर की साधना है।

सकल जैन समाज ने किया मुनि श्री का सम्मान

इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर महाराज एवं संघस्थ सभी क्षुल्लक महाराज मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मुनि श्री का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य सिंघई चंद्रकुमार को प्राप्त हुआ। सकल जैन समाज द्वारा मुनि श्री का सम्मान किया गया। मुनि संघ के प्रवक्ता अविनाश जैन एवं सुबोध कामरेड ने कार्यक्रम की जानकारी दी। संचालन बाल ब्रह्मचारी अभय आदित्य ने किया। दोपहर शंका समाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ।

824 करोड़ 35 लाख का रेवेन्यू किया अर्जित

नवभारत, जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह में रूपये 824 करोड़ 35 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की इसी माह (रूपये 707 करोड़ 85 लाख) की तुलना में 16.46 प्रतिशत अधिक है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (818 करोड़ 85 लाख रूपये) ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू से 0.67 प्रतिशत अधिक है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 219 करोड़ 90 लाख, माल यातायात से रुपये 572 करोड़ 57 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 17 करोड़ 31 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 14 करोड 57 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

अपराजिता और अलंकृता ने बनाया कीर्तिमान

टीवी रियलिटी शो के इंडियाज टॉप मॉडल के ग्रैंड फिनाले में मिली सफलता

नवभारत, जबलपुर। चार वर्षीय जुड़वा बहिन अपराजिता और अलंकृता ने जयपुर में आयोजित इंडियाज बिगेस्ट टीवी रियलिटी शो के इंडियाज टॉप मॉडल सीजन 8 के ग्रैंड फिनाले किड्स कैटेगरी के अंतर्गत सफलता अर्जित की। अलंकृता ने अपने नाम के अनुरूप श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेकंड रनर अप का खिताब जीता तो वहीं दूसरी ओर अपराजिता ने अपने नाम का अर्थ सदा विजयी होने वाली बताते हुए थर्ड रनर अप का खिताब जीता। दोनों बहिनों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के विविध अंचलों से बच्चों से लेकर तमाम प्रतियोगी बड़ी संख्या में शामिल हुए। विजयी होने के बाद जब पूछा गया कि बड़ी होकर क्या बनना है तो अलंकृता ने कहा साइंटिस्ट बनना चाहती हैं। वहीं अपराजिता ने कहा कि वह सौंदर्य के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है। जुड़वा बहिनें अक्षित गौतम एवं डॉ. शिवानी गौतम की पुत्रियां हैं।

नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश

नवभारत, जबलपुर। सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' थीम पर दीनदयाल चौक, में यातायात पुलिस द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक संगपत उपाध्याय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात मालवीय चौक अरुण कुमार पटेल, सूबेदार राहुल सिंह, उनि हेत्तलाल बागरी, थाना यातायात घमापुर एएसआई सत्य प्रकाश सचान सहित यातायात पुलिस का स्टॉफ उपस्थित रहा।

हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : निगमायुक्त

नवभारत, जबलपुर। शहर के स्ट्रीट वेंडर्स पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा के बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वनिधि योजना को अपनी विशेष प्राथमिकता में रखते हुए आज भी निगम अधिकारियों

और बैंक प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि योजना का उद्देश्य केवल ऋण देना नहीं, बल्कि छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदन प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी बाधाओं को दूर किया जाए ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर किश्तें प्राप्त हो सकें।

प्रगति की समीक्षा

आयुक्त ने लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए बैंकर्स को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों को निराकरण के निर्देश दिए।

बैंकर्स के साथ समन्वय

निगमायुक्त ने बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण के ऋण वितरण में तेजी लाएं।बैठक में उपायुक्त अंकिता जैन और एलडीएम दिवाकर सिंह सहित शहर के विभिन्न बैंकों के मैनेजर्स मौजूद रहे।

एक नजर में

पांच दिवसीय अग्रवाल प्रीमियर लीग आज से

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर अग्रवाल सभा के तत्वावधान में समाज के अग्रबंधुओं के लिए अग्रवाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा एक क्रिकेट टूर्नामेंट (ए.पी.एल. सीजन-1) का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल चैम्बर ऑफ कामर्स के कृष्ण अग्रवाल एवं मुरली अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन प्रथम बार आयोजित किया जा रहा है। सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं प्रेम अग्रवाल 'पिंकी' ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारे युवा समाज से जुड़ेंगे और समाज के कार्यों में सहयोग करेंगे। चैम्बर्स के अर्पित, मृदुल ने आगे जानकारी देते हुये बताया कि आयोजन 16 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, स्कीम नं. 41, विजय नगर में रात्रि 7 बजे से किया जा रहा है। चैम्बर्स के राजीव अग्रवाल, अनिल अग्रवाल (शहपुरा), रौनक (रद्दीवाले), पराग, रौनक (सी.एस.), राजा, पर्व आदि ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

डायबिटीज पर राष्ट्रीय शैक्षणिक कॉन्फ्रेंस 18 को

नवभारत, जबलपुर। विशुद्ध हेल्थकेयर जनसेवा समिति द्वारा आगामी रविवार, 18 जनवरी 2026 को एक दिवसीय वृहद शैक्षणिक कॉन्फ्रेंस डायबिटीज अक्रॉस लाइफ स्पैन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शहर के होटल सत्य अशोका में सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपन्न होगा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. वृन्द भारद्वाज एवं आयोजन सचिव डॉ. अंकित सेठ ने बताया कि डायबिटीज आज शिशु अवस्था से वृद्धावस्था तक एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन चुकी है। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य मधुमेह के प्रबंधन, रोकथाम एवं नवीन वैज्ञानिक अनुसंधानों की जानकारी चिकित्सकों तक पहुँचाना है। कॉन्फ्रेंस में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। पत्रकार वार्ता में डॉ. वी. के. भारद्वाज (ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन), डॉ. अंकित सेठ (प्रेसिडेंट एवं ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी), डॉ. यतिश जैन (सेक्रेटरी), डॉ. रीति सेठ (जॉइंट सेक्रेटरी), नितिन जैन (मीडिया प्रभारी), डॉ. कनिका सेठ (कोषाध्यक्ष), डॉ. आकाश सेठ एवं संकेत मलैया की उपस्थिति रही।

तक्षशिला कॉलेज में मनाया लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व

नवभारत, जबलपुर। तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्रुप डांस, सोलो डांस, रेम्पवॉक आदि की प्रस्तुति दी गई साथ ही बोनफायर (लोहड़ी) उत्सव मनाया गया तथा रंग-विरंगी पतंगें उड़ाकर सभी ने लुत्फ उठाया, यह कार्यक्रम संस्था के एम.बी.ए. विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें कॉलेज के सभी विभागों के प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में चेयरमेन आर.एन. पहारिया, संयुक्त सचिव शरद जैन, संस्था के प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई. के. खन्ना, सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एम.बी.ए. प्रो. गुरबानी कौर पदम ने किया तथा आभार प्रदर्शन एम.बी.ए. विभागाध्यक्ष डॉ. नितिन गौर ने किया।

मौसम विज्ञान विभाग की 151वीं वर्षगांठ मनाई

आमजनों, विद्यार्थियों को विभागीय कार्यप्रणाली-आधुनिक तकनीकों से कराया रूबरू

नवभारत, जबलपुर। मौसम की हर खबर से रूबरू कराने वाले मौसम कार्यालय जबलपुर में गुरूवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग का 151 वर्षगांठ प्रतिस्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें आमजनों, विद्यार्थियों के लिए मौसम विभाग कार्यालय खुला रहा। विभिन्न स्कूलों के स्कूली छात्र-छात्राएं एवं कॉलेज के विद्यार्थी ने भाग लिया एवं मौसम विभाग का भ्रमण कर उपकरणों की जानकारी दी गई एवं उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन सरस्वती जी का पूजन माल्यार्पण मनीष भान कृषि मौसम वैज्ञानिक द्वारा एवं रिटायर्ड मौसम वैज्ञानिक ए के वर्मा ,बीजू जान जैकब सांदीपनि विद्यालय अधारताल की उप्राचार्य अनीता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद सभी अतिथियो का स्वागत देवेंद्र कुमार तिवारी प्रभारी अधिकारी मौसम कार्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकुल त्रिपाठी वैज्ञानिक सहायक मौसम कार्यालय जबलपुर ने किया। कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य डीके गुप्ता, अनीता सिंह, पंकज सिंह पटेल, मुकुल त्रिपाठी, संजू सिंह, शिवांशु भूत्रिया , ऋषभ पाराशर, सभी वैज्ञानिक सहायकों द्वारा सभी आए हुए स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों शिक्षकों अतिथि गणों को मौसम कार्यालय में किए जाने वाले कार्य उपकरण की जानकारी विधिवत दी।

कंगारू किड्स में प्री-स्कूल मूवी पार्टी का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। गुरुवार को कंगारू किड्स ने इकीगाई किड्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रीस्कूल मूवी पार्टी आयोजित की। बच्चों ने पजामों में आरामदायक बैठकर मूवी का आनंद लिया और मूवी आधारित खेलों में भाग लिया। 'ब्रिंग योर बडी' पहल के तहत बच्चों ने मित्रों के साथ यह अनुभव साझा किया। स्वादिष्ट नाश्ता और सुरक्षित वातावरण ने इसे यादगार अनुभव बनाया। कार्यक्रम में संस्थापिका अर्पिता मालपानी, सीईओ प्रदीप गंगाधरन और प्राचार्या सोनिया कोचर उपस्थित रहे।

युवा संगम में 732 युवाओं का हुआ चयन



नवभारत, जबलपुर। शासकीय संभागीय आईटीआई, जबलपुर में आज आयोजित 'प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला' एवं 'युवा संगम' में युवाओं को रोजगार की बड़ी सौगात मिली। मेले में शामिल हुई 14 प्रतिष्ठित कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद 732 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया। इस दौरान कुल 1800 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने चयनित युवाओं को अनुबंध पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त संचालक एवं प्राचार्य शासकीय संभागीय आईटीआई बी.एस. पनिका एवं डॉ. अर्पित शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एम.एस. मरकाम, विनीत रजक, ललित कुमार डेहरिया, सतीश काबड़े, दीपेश उपाध्याय, योगेश देशमुख, रंजीत रोहितास तथा नवीन मिश्रा का योगदान रहा।

ये बार मेरा परिवार है : अधि .विवेक तन्खा

अचानक पैरवी करने मप्र उच्च न्यायालय पहुंचे तन्खा का बार ने किया सम्मान

जबलपुर, नवभारत। म.प्र. उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ ने सीनियर अधिवक्ता एवं राजसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा वकीलों को संबोधित करते हुये मार्गदर्शन किया और कहा ये बार मेरा परिवार है। संघ के पदाधिकारियों द्वारा उनका औपचारिक सम्मान किया गया अचानक किसी मामले में पैरवी करने आने पर पता चलने पर म.प्र. उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा सम्मान देने वास्ते आमंत्रित किया गया। उनके द्वारा बार में लायब्रेरी के आधुनीकरण और ई-लायब्रेरी को बनाये जाने पर बार के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन और सचिव परितोष त्रिवेदी एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की सराहना की इसमें और अधिक राशि की आवश्यकता पड़ने पर सहयोग का वादा किया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, प्रशांत अवस्थी, सह-सचिव योगेश सोनी, राजेन्द्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय प्रभारी रजनीश उपाध्याय, मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसौरिया आदि अधिवक्ताओं का सहयोग रहा।

बैठक

शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

अब वार्डों में पैदल घूमेंगे अधिकारी : निगमायुक्त

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा सकारात्मक प्रयास शुरू की गई है। अब शहर की गलियों और वार्डों की समस्याओं का समाधान जमीन पर होगा।

निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी संभागीय अधिकारी, यंत्री और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन सुबह एक घंटा अनिवार्य रूप से वार्डों में पैदल भ्रमण करेंगे। इस दौरान अधिकारी न केवल सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे, बल्कि नागरिकों से सीधे संवाद कर छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इसका उद्देश्य प्रशासनिक अमले की पहुंच सीधे जनता के दरवाजे तक बनाना है।

भवन और अग्निशमन विभाग का 'संयुक्त ऑपरेशन

शहर की सुरक्षा और व्यवस्थित निर्माण को लेकर भी बैठक में निगमायुक्त द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। अब भवन अनुज्ञा विभाग और अग्निशमन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे। इससे बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक परिसरों में सुरक्षा मानकों की जांच में तेजी आएगी और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बेहतर पुख्ता इंतजाम किए जा सकेंगे।

सीएम हेल्पलाइन पर विशेष जोर

बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों को तीन दिवस में निराकरण कराने के निर्देश दिए वहीं उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि संकल्प से समाधान तक में किए गए कार्यों की जानकारी शाम 6 बजे तक हर हाल में पोर्टल पर दर्ज कराएं। बैठक में सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, एवं विभागीय प्रमुख और संभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

परमाणु परियोजना के खतरों से लोगों को किया जागरूक

नवभारत, जबलपुर। मकर संक्रांति पर चुटका-किंदरई परमाणु परियोजना प्रभावितों ने गौरी घाट पर नर्मदा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को परियोजना के खतरों से अवगत कराया। बरगी बांध विस्थापित संघ के राज कुमार सिन्हा ने बताया कि विकिरणयुक्त तत्वों को नर्मदा से अलग करने की तकनीक अभी विकसित नहीं है और परियोजना भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के विवेक अवस्थी ने कहा कि दुर्घटना होने पर जबलपुर शहर सबसे अधिक प्रभावित होगा। चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादु लाल कुडापे ने कहा कि संघर्ष अंतिम दम तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में मोना कौरव, भगत राम सिंह, सोनू दुबे, राजेश चौबे, शिव कुमार चौबे, सरवन और मुन्ना यादव उपस्थित रहे।